## चोरी के प्रकरण में पुलिस को मिली सफलता



**बड़वानी।** जिले की जुलवानिया पुलिस ने चोरी के प्रकरण में बड़ी सफलता हासिल की। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी की गई सामग्री बरामद की है। पुलिस ने बताया कि 17 अक्टूबर को फरियादी अनिल नागर निवासी ग्राम लिंगवा ने थाने पर सूचना दी कि उसके खेत के पास नहर में लगी 5 हार्स पावर की पनडुब्बी मोटर अज्ञात व्यक्ति ने चोरी कर ली है। फरियादी द्वारा खोजबीन करने पर दो व्यक्ति एक होंडा शाइन बाईक से उसकी मोटर ले जाते दिखाई दिए। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की। एसपी जगदीश डावर के निर्देशन, एएसपी धीरज बब्बर तथा एसडीओपी राजपुर आयुष कुमार अलावा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रामकुमार पाटिल के नेतृत्व में गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दोनों संदिग्धों दिलीप उर्फ टेपा पिता किशन डावरए उम्र 40 वर्ष जाति भीलाला निवासी ग्राम मुहाला थाना सेंधवा ग्रामीण एवं रुस्तम उर्फ उस्तम पिता मंशाराम डावर उम्र 30 वर्ष जाति भील निवासी ग्राम मुहाला थाना सेंधवा ग्रामीण को पकड़कर पुछताछ की। उन्होंने पुछताछ में अपराध स्वीकार करते हुए बताया कि उन्होंने फरियादी के खेत के पास नहर से 5 हार्स पावर की पनडुब्बी मोटर चोरी की थी। टीम ने आरोपियों के कब्जे से पनडुब्बी मोटर एवं घटना में प्रयुक्त होंडा शाइन बाईक जब्त की। जब्त माल की अनुमानित कीमत 100000 आंकी गई। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय जेएमएफसी न्यायालय राजपुर में प्रस्तुत किया गया। जहां से 1 दिन का पुलिस रिमांड प्राप्त कर अन्य चोरी के मामलों में भी पुछताछ की जा रही है।

# धनतेरस से दीपावली पर्व प्रारंभ

### दुर्गा मंदिर के पीछे मैदान पर लगी पटाखा दुकानों का टीआई और तहसीलदार ने किया निरीक्षण, सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश







**पानसेमल, (नवभारत)।** नगर के दुर्गा मंदिर के पीछे मैदान में पटाखा दुकानों के लाइसेंस बनने के बाद दुकानों को लगाया गया है। दुकानों पर सुरक्षा की समुचित व्यवस्था के मद्देनजर कलेक्टर एवं एसडीएम के निर्देशन में तहसीलदार सुनील सिसोदिया, थाना प्रभारी मंशाराम वगेन, सहायक उप निरीक्षक धनेश्वर पाटिल द्वारा पुलिस बल के साथ निरीक्षण किया गया। साथ ही दुकानदारों को एहतियात के तौर पर दुकानों के निकट पानी और रेत से भरी बाल्टी रखने के निर्देश दिए।

दुकानदारों के लाइसेंस चेक करते हुए उनसे पटाखों का संग्रहण कहां किया गया है, इसकी जानकारी ली गई। साथ ही किसी भी प्रकार की समस्या होने पर प्रशासन को सूचना देने की बात कही। धनतेरस पर्व से दीपावली पर्व की शुरूआत होती है, जिसे देखते हुए बर्तन दुकान, किराना दुकान, खाद्य सामग्री की दुकानों पर भीड़ रही। नगर में सराफा बाजार, ऑटोमोबाइल पर भी चहल-पहल बनी रही। तहसीलदार सुनील सिसोदिया एवं थाना प्रभारी मंशाराम वगेन ने क्षेत्रवासियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी एवं त्यौहारों पर आवश्यक सावधानी रखने की अपील की है।

**पानी व रेत रखने के निर्देश**

- दुकानों के समीप पानी व रेत से भरी बाल्टी रखने के निर्देश।
- त्यौहारों पर आवश्यक सावधानी रखने की अपील की।

# अल्प विराम परिचय कार्यशाला का आयोजन

**बडवानी।** मप्र जन अभियान परिषद एवं राज्य आनंद संस्थान द्वारा ठीकरी में शासकीय सेवकों के लिए ब्लॉक स्तरीय अल्पविराम परिचय पर कार्यशाला आयोजित की गई। मास्टर ट्रेनर डॉ राम सहाय यादव, सुधा बाजपेई, रघुवीर सोलंकी, सुनीता काग, विनोद यादव, जिला संपर्क व्यक्ति अनिल जोशी ने प्रशिक्षण दिया।

कार्यक्रम का परिचय एवं स्वागत भाषण देते हुए अनिल जोशी ने कहा कि वर्तमान में तनाव बढ़ता जा रहा है और लोग डिप्रेशन का शिकार हो रहे हैं। ऐसे में आनंद विभाग महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर लोगों में तनाव कम कर रहा है। वहीं मास्टर ट्रेनर्स ने कहा कि जो लोग हमारी मदद करते हैं, उनका धन्यवाद अदा करें और हमारा बुरा करने वाले को भी माफ करें। जीवन अच्छा चलेगा। तनाव लेकर जीवन नहीं जीना चाहिए। हम अच्छी चीजों को तो भूल जाते हैं और बूरी चीजों को दिल पर लेकर चलते हैं। पूरे दिन चली इस कार्यशाला में सभी विभागों के कर्मचारी एवं जन अभियान परिषद के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# ऑपरेशन मुस्कान के तहत सफलता



**बड़वानी, (नवभारत)।** ऑपरेशन मुस्कान के तहत पाटी पुलिस द्वारा बड़ी सफलता हासिल की गई है। पुलिस ने बताया कि 17 अक्टूबर 2025 को फरियादी निवासी बस स्टैंड के पास पाटी ने थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसकी नाबालिक बालिका को कोई अज्ञात व्यक्ति बहला-फुसलाकर अपने साथ ले गया है। जिस पर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना प्रारंभ की गई।

### एसपी ने दिए निर्देश

मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए एसपी जगदीश डावर ने अपहृता बालिका को जल्द से जल्द खोजने के निर्देश दिए। उनके निर्देशानुसार एएसपी धीरज बब्बर एवं एसडीओपी दिनेश सिंह चौहान के मार्गदर्शन में पाटी थाना प्रभारी उनि रामदास यादव के नेतृत्व में एक विशेष टीम गठित की गई।

टीम द्वारा महज 24 घंटों में नाबालिक बालिका को सुरक्षित दस्तयाब किया गया। इसके बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूर्ण कर बालिका को सकुशल उसके परिजनों के सुपुर्द कर परिवार के चेहरों पर मुस्कान लौटाई। उक्त कार्रवाई में उनि रामदास यादव थाना प्रभारी थाना पाटी, सउनि ब्रजेश कुमार मिश्रा, मप्र आरक्षक रेशम निंगवाल का सहयोग रहा।

## जिले की मंडियों में नीलामी कार्य रहेगा बंद

**बड़वानी।** कृषि उपज मण्डी समिति के सचिव से प्राप्त जानकारी के अनुसार दीपावली पर्व (दीपावली, पड़वा एवं भाईदूज) होने से कृषि उपज मंडी सेंधवा, बलवाड़ी में 18 से 23 अक्टूबर तक तथा कृषि उपज मंडी बड़वानी, अंजड़, खेतिया में 20 से 23 अक्टूबर तक नीलामी का कार्य बंद रहेगा। समस्त कृषकों से आव्हान किया है कि उक्त तिथियों में अपनी उपज नीलामी के लिए कृषि उपज मण्डी में नहीं लाए।

**एक नजर में** — तीन दिवसीय कार्यक्रम में हो रहे हवन-पूजन, ओंकारेश्वर से लाई गई है बजरंग बली की मूर्ति

# जागीरदारपुरा में बजरंग बली की प्राण-प्रतिष्ठा आज

**नवभारत न्यूज़**
**बड़वानी, 19 अक्टूबर**

नर्मदा तट किनारे बनाए गए जागीरदारपुरा घाट किनारे भगवान बजरंग बली के मंदिर में प्राण-प्रतिष्ठा का आयोजन जारी है। रविवार दोपहर विधि-विधान के साथ मूर्ति की प्रतिष्ठा की जाएगी। इसके पूर्व शनिवार को मूर्ति का हवन-पुजन सहित अन्य अनुष्ठान पंडित चेतन महाराज पंडित अंकुर पुरोहित ने संपन्न कराए।



जागीरदारपुरा घाट निर्माण समिति अध्यक्ष अजयसिंह ठाकुर ने बताया कि रविवार दोपहर 12.30 बजे घाट किनारे रामेश्वर भोलेनाथ मंदिर के पास नवनिर्मित मंदिर में बजरंगबली की मूर्ति की स्थापना की जाएगी। बजरंग बली की मूर्ति ओंकारेश्वर से लाई गई है।

उन्होंने बताया कि हनुमान जयंती साल में दो बार मनाई जाती है। एक चैत्र मास की पूर्णिमा और दूसरी कार्तिक मास की चतुर्दशी (नरक चतुर्दशी) के दिन हनुमान जी की विशेष पूजा की जाती है। इस मौके पर जागीरदारपुरा में इस बार बजरंग बली भगवान की प्राण प्रतिष्ठा होगी। तीन दिवसीय आयोजन के पहले दिन शुक्रवार को भगवान की पुजन-अर्चना कर रात्रि अन्न में रखा गया। वहीं शनिवार को पूजा अभिषेक, हवन-पुजन व फूल-फूल में रखा गया है। मूर्ति जजमान द्वारा हवन में राजेंद्र दरबार सपत्नी शामिल हुए। वहीं रविवार को दोपहर 12.30 बजे प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी।

**स्थापना होगी आज** = अजयसिंह ठाकुर ने बताया कि रविवार दोपहर 12.30 बजे घाट किनारे रामेश्वर भोलेनाथ मंदिर के पास नवनिर्मित मंदिर में बजरंगबली की मूर्ति की स्थापना की जाएगी।

**एक नजर में**

## ऑपरेशन मुस्कान में पुलिस को मिली बड़ी सफलता




इंदौर. ऑपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस को एक और महत्वपूर्ण सफलता मिली है. थाना तेजाजी नगर पुलिस ने दो दिन की सतत तलाश और तकनीकी जानकारी के आधार पर दिल्ली से अपहृत 17 वर्षीय बालिका को सकुशल बरामद कर परिजनों को सौंप दिया .झ मामला थाना तेजाजी नगर क्षेत्र के भावना नगर का है, जहां एक नाबालिग बालिका के लापता होने की रिपोर्ट उसकी मां सुनीता मालवीय ने दर्ज कराई थी. इस पर पुलिस ने जांच शुरू की थी, डीसीपी जोन-1 कृष्ण दास चंदानी, एडिशनल डीसीपी अशोक शर्मा और एसीपी रविन्द्र बिस्वास के मार्गदर्शन में तेजाजी नगर थाना प्रभारी देवेन्द्र मरकाम के नेतृत्व में टीम गठित की गई. तकनीकी जांच के दौरान बालिका की लोकेशन दिल्ली राज्य के ख्याला थाना क्षेत्र में पाई गई. वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति से टीम को दिल्ली रवाना किया, जहां पुलिस ने दो दिन तक सीडीआर और मोबाइल लोकेशन के आधार पर गहन तलाश की. अंततः टीम ने बालिका को ख्याला क्षेत्र से सकुशल बरामद किया. बालिका ने पूछताछ में बताया कि उसका अपहरण विक्की नामक युवक द्वारा किया गया था. उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस द्वारा तलाश जारी है.

## पोषण माह के तहत जागरुकता कार्यक्रम



महू. आंगनबाड़ी परियोजना महू ग्रामीण-2 अंतर्गत ग्राम पंचायत कोदरिया में आठवें राष्ट्रीय पोषण माह के तहत पोषण जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जनपद अध्यक्ष सरदार मालवीय के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में सरपंच सतीश तथा सुनीता लाहौरे विशेष रूप से उपस्थित थे. इस अवसर पर सुरजना से बने हुए विभिन्न व्यंजन, मोटे अनाज के व्यंजन, कम नमक, कम चीनी और कम तेल के व्यंजनों का प्रदर्शनी भी लगाई गई थी. कार्यक्रम में द्वितीय मंगलवार अंतर्गत गोद भराई, अन्न प्राशन तथा कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन भी किया गया. कार्यक्रम के अंत में कम चीनी, कम नमक तथा कम तेल के इस्तेमाल करने की शपथ ली गई. परियोजना अधिकारी सुषमा गोखले ने कार्यक्रम का संचालन किया. इस अवसर पर वर्षा यादव, शिवकन्या, कविता सोलंकी ने अतिथियों का स्वागत किया. कार्यक्रम में बडगोंडा सेक्टर की सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, महिलाएं एवं किशोरी बालिकाएं उपस्थित थीं.

## सांसद ने ग्राम पंचायत में किया विकास कार्यों का लोकार्पण



**महू.** राज्यसभा सांसद डॉ. कविता पाटीदार ने माता अहिल्या बाई होल्कर की 300वीं जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ग्राम पंचायत गवली पलासिया में पंचायत द्वारा कराए गए विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण किया. सरपंच रवि पाटीदार द्वारा माता अहिल्या बाई होलकर के कर कमलों से निर्मित अति प्राचीन शिवालय बिल्केश्वर महादेव मंदिर परिसर में पेबर ब्लॉक, चबूतरा निर्माण, भील मोहल्ला में सीसी रोड एवं सामुदायिक भवन की बाउंड्रीवाल सहित अन्य निर्माणों का लोकार्पण राज्यसभा सांसद डॉ. कविता पाटीदार द्वारा किया गया.

# डीसीपी ने पटाखा बाजारों में किया निरीक्षण

- विक्रेताओं को दिए सुरक्षा निर्देश
- त्योहार पर सुरक्षा को लेकर पुलिस सख्त

नव भारत न्यूज

इंदौर. आगामी दीपावली पर्व को देखते हुए शहर में पटाखा बाजारों की सुरक्षा व्यवस्था और आगजनी की घटनाओं की रोकथाम के लिए पुलिस ने सघन निरीक्षण शुरू कर दिया है. पुलिस आयुक्त के निर्देश पर डीसीपी जोन-2 ने जोन के विभिन्न क्षेत्रों में लगने वाली पटाखा दुकानों का निरीक्षण किया और व्यापारियों को सुरक्षा मानकों का पालन करने की सख्त हिदायत दी.

निरीक्षण के दौरान डीसीपी कुमार प्रतीक ने थाना परदेशीपुरा, विजयनगर और एमआईजी थाना क्षेत्रों में पटाखा दुकानों का जायजा लिया. उन्होंने बताया कि पुलिस आयुक्त द्वारा पटाखा विक्रेताओं के लिए विस्तृत चेकलिस्ट जारी की गई है, जिसमें दुकानों की सुरक्षा, अग्निशमन व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और विस्फोटक नियमों के पालन से संबंधित दिशा-निर्देश शामिल हैं. पुलिस अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि प्रत्येक विक्रेता की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए और उसका कोई आपराधिक रिकॉर्ड नहीं होना चाहिए. दुकानें जिला प्रशासन द्वारा स्वीकृत खुले मैदान में लगाई जाएं, किसी भी पक्की इमारत या आवासीय परिसर के भीतर नहीं. दुकानों के बीच कम से कम तीन मीटर की दूरी और पेट्रोल पंप, एलपीजी गोदाम, स्कूल या अस्पताल से कम से कम 50 मीटर का फासला रखना अनिवार्य होगा. प्रत्येक दुकान में अग्निशामक यंत्र, दो बाल्टी रेत और पानी की उपलब्धता सुनिश्चित की जानी चाहिए. दुकानें टिन या धातु की चादर से बनी हों, छत अग्निरोधक सामग्री की हो और किसी भी तरह की विद्युत संबंधी लापरवाही न हो. दुकानों में पेट्रोल, डीजल या अन्य ज्वलनशील पदार्थ रखने की मनाही रहेगी. साथ ही अनुमति सीमा से अधिक पटाखों का भंडारण नहीं किया जाएगा.



**उल्लंघन पर होगी सख्त कार्रवाई**

डीसीपी कुमार प्रतीक ने कहा कि सभी दुकानदारों को विस्फोटक नियम 2000 का पालन करना होगा. जिन दुकानों में आवश्यक सुरक्षा इंतजाम नहीं होंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने पटाखा बाजार के व्यापारियों से अपील की कि वे सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए सुरक्षित और शांतिपूर्ण दीपावली के आयोजन में सहयोग दें. निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों ने दुकानदारों को समझाइश दी कि वे प्रत्येक दुकान पर अग्निशामक यंत्र और प्राथमिक सुरक्षा सामग्री रखें, पार्किंग व्यवस्था और सीसीटीवी की सुविधा सुनिश्चित करें. जिन दुकानों में यह व्यवस्था नहीं पाई जाएगी, उनके विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी.



# स्मार्ट पुलिसिंग की दिशा में पुलिस की नई पहल

- पुलिस कमिश्नर ने हरी झंडी दिखाकर की हाईटेक पेट्रोलिंग बाइक्स की शुरुआत

नव भारत न्यूज

**इंदौर.** यातायात व्यवस्था को और बेहतर व आधुनिक बनाने की दिशा में इंदौर पुलिस ने स्मार्ट पुलिसिंग की एक नई पहल की शुरुआत की. पुलिस कमिश्नर ने 11 हाईटेक पेट्रोलिंग बाइक्स को हरी झंडी दिखाकर फील्ड के लिए रवाना किया. ये बाइक्स विशेष रूप से भीड़भाड़ वाले बाजार क्षेत्रों, संकरी गलियों और आपात स्थितियों में त्वरित नियंत्रण के लिए उपयोग में लाई जाएंगी. पुलिस आयुक्त कार्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त अपराध/मुख्यालय अमित कुमार सिंह, डीसीपी ट्रैफिक आनंद कलादगी और ट्रैफिक पुलिस के अन्य अधिकारी मौजूद रहे. कमिश्नर संतोष कुमार सिंह ने बताया कि इन आधुनिक बाइक्स में इमरजेंसी लाइट, पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम, अग्निशमन यंत्र, बॉडी वार्न कैमरा और फर्स्ट एड किट जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं. इनकी मदद से पुलिसकर्मी न केवल ट्रैफिक नियंत्रण, बल्कि दुर्घटनाओं या आपात परिस्थितियों में तुरंत मौके पर पहुंचकर राहत कार्य भी कर सकेंगे. उन्होंने कहा कि ये हाईटेक पेट्रोलिंग बाइकें उन इलाकों में विशेष रूप से उपयोगी साबित होंगी, जहां बड़ी गाड़ियां नहीं पहुंच पातीं. जैसे- संकरी गलियां, बाजार क्षेत्र, त्योहारी आयोजनों के स्थल या हाईवे पर जाम की स्थिति. इन बाइकों से पुलिसकर्मी तेजी से मूवमेंट कर सकेंगे और रियल टाइम में ट्रैफिक फ्लो को नियंत्रित रख पाएंगे.

# रिश्तेदारों पर सोने के आभूषण और नकदी चोरी का आरोप

**इंदौर.** तिलकनगर क्षेत्र में एक महिला ने अपने ही रिश्तेदारों पर सोने के आभूषण और नकदी चोरी करने का आरोप लगाया है. ग्राम महिगांव, तहसील उदयनगर देवास निवासी 32 वर्षीय अभिलाषा पति अर्जुन सिंह झानिया ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह गुना से अपनी चाचा की लड़की अम्बिका के घर दीपक नगर, इंदौर आई थीं.

उन्होंने बताया कि 28 सितंबर को घर पर चाचा का बेटा चंदन और मामा का बेटा कुंदन मौजूद थे. खाना खाकर जब वह सोने गईं, तब उनके बैग में सोने के आभूषण और नकदी रखी थी. अगले दिन दोपहर करीब साढ़े एक बजे जब उन्होंने बैग देखा तो उसमें रखे गहने और पैसे गायब थे. महिला ने शक जाहिर किया कि चंदन और कुंदन ने ही बैग से गहने और नकदी निकाल ली. फरियादी की शिकायत पर तिलकनगर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है.

# सड़क विवाद में हवाई फायर, युवक पर हमला कर आरोपी फरार

- राजनीतिक परिवार से जुड़े युवक पर मामला दर्ज

नव भारत न्यूज

**इंदौर. शहर में बीती रात सड़क विवाद के दौरान एक युवक पर हमला कर हवाई फायरिंग करने की सनसनीखेज घटना सामने आई है. फरियादी ने आरोप लगाया कि कार सवार युवक ने रॉन्ग साइड से वाहन चलाते हुए रास्ता रोका, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी. विरोध करने पर आरोपी ने पिस्टल से हवाई फायर कर दिया और साथी के साथ मौके से फरार हो गया.**

एडिशनल डीसीपी राजेश दंडोतिया ने बताया कि फरियादी स्नेहराज जाट खेतीबाड़ी का कार्य करता है, उसने पुलिस को बताया कि वह अपने मित्र अर्पितसिंह गुर्जर के साथ मोटरसाइकिल से घर लौट रहा था. रात करीब 12.45 बजे जब दोनों फ्लाईओवर के नीचे से रोड की ओर मुड़े, तभी सामने से एक काले रंग की कार रॉन्ग साइड से आई. कार में बैठा व्यक्ति सूरज रजक नामक युवक था, जिसे फरियादी जानता था. सूरज ने उसे रोककर विवाद शुरू किया और गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी.

इसी दौरान पीछे से एक लैंडरोवर वाहन आया, जिसमें सवार दो युवक उतरे. इनमें से एक ने डंडे से हमला किया, जिससे फरियादी और उसका साथी घायल हो गए.

**समस्या** — क्षेत्र में स्थित इकलौता बोरिंग नहीं बुझा पा रहा लोगों की प्यास, जिम्मेदार केवल दे रहे आश्वासन

# बूंद-बूंद पानी को तरस रहे हिम्मत नगर के रहवासी



इंदौर. नगर निगम के कई प्रयासों के बावजूद आज भी शहर के कई क्षेत्रों में रहवासी जलसंकट का सामना कर रहे हैं. लोग जनप्रतिनिधियों और जिम्मेदार अधिकारियों से पानी की किल्लत दूर करने की गुहार लगाते आ रहे हैं. लेकिन, अफशरशाही झूठ परोसते हुए नर्मदा योजना को कामयाब बताने में लगी रहती है. बूंद-बूंद पानी के लिए यहां-वहां भटकते लोगों की शिकायत पर कोई भी संज्ञान नहीं लेता.

शहर के वार्ड 75 में भी पानी का संकट बना हुआ है. जल आपूर्ति को लेकर नगर निगम के अधिकारियों के दावे विफल ही दिखाई दे रहे हैं. क्षेत्र में लोग पानी के लिए संघर्ष करते देखे जा सकते हैं. वार्ड के हिम्मत नगर की बात की जाए तो यह क्षेत्र शहर से कुछ कटा-कटा सा दिखाई देता है. यहां

**यह बोले रहवासी...**



क्षेत्र में पानी की किल्लत पिछले कई सालों से बनी हुई है, जो आज तक दूर नहीं हो सकी. हमें बताया गया था कि एक और बोरिंग पास हो गया है, लेकिन वह भी अभी तक नहीं लग पाया है.

**- सीमा आड़तीय**



क्षेत्र में जो बोरिंग लगा हुआ है, उससे सभी दूर पानी नहीं मिल पाता, इसलिए 400 रुपए प्रति महीना देकर निजी बोरिंग से पानी लेते हैं. अगर वह खराब हो गया तो फिर यहां-वहां भटकना पड़ता है.

**- उषा मोहनिया**



क्षेत्र में पानी की किल्लत बहुत ज्यादा है. हम लोग इस समस्या से काफी परेशान हैं. पानी तो जीवन के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है, इसके लिए हर दिन यहां-वहां भागना पड़ता है. क्षेत्र में एक बोरिंग और होना चाहिए.

**- राधा बाई**